मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-97
**29/01/2023**

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में पटना जिले के बिहटा प्रखण्ड में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

पटना, 29 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में पटना जिले के बिहटा प्रखण्ड में विकास योजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने लोगों से बात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उसके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने बिहटा प्रखंड के परेब ग्राम पंचायत में जीविका एवं उद्योग विभाग द्वारा पीतल कुटीर उद्योग के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री सूक्ष्म, लघु कलस्टर विकास योजना के अंतर्गत परेब में जीविका महिला उद्यमियों द्वारा पीतल एवं कांस्य निर्मित सामग्रियों का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान जीविका दीदियों ने पीतल कुटीर उद्योग के तहत निर्मित होनेवाली सामग्रियों के निर्माण प्रक्रिया, कच्चे सामग्रियों का मिश्रण, भट्ठी प्रक्रिया, कटिंग की प्रक्रिया, खलाई एवं धुलाई की प्रक्रिया, छिलाई एवं बुनाई की प्रक्रिया एवं पैकेजिंग के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान जीविका दीदियों ने पीतल और कांस्य उद्योग से जुड़ी समस्याओं का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पीतल और कांस्य कुटीर उद्योग को और बढ़ावा देने के लिए जो भी संभव हो करें। सामान्य सुविधा केंद्र को भी जल्द शुरू कराएं। उन्होंने कहा कि जीविका दीदियां अच्छा काम कर रही हैं। इन्हें सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करें। इससे बिजली पर होनेवाले खर्च में कमी आएगी और फायदा होगा।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने जीविका एवं उद्योग विभाग द्वारा लगाये गये पीतल कलस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। परेब जीविका महिला पीतल उत्पादन कंपनी के द्वारा निर्मित पीतल के सामानों को देखा और उसके संबंध में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने 80 जीविका महिला ग्राम संगठन को 5 करोड़ 87 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। उन्होंने सतत् जीविकोपार्जन योजना के लाभार्थियों द्वारा नीरा से बने उत्पाद, श्रृंगार के सामान, वस्त्र, जाँता सत्तू, एप्लिक उत्पाद को भी देखा और जीविका दीदियों से इसके संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि सतत् जीविकोपार्जन योजना से हमलोगों को काफी लाभ हो रहा है, हमारी आमदनी बढ़ी है। परिवार के लोग सुखी जीवन जी रहे हैं। बच्चे अच्छे से पढ़ाई कर रहे हैं। ग्राहक सेवा केंद्र की बैंक सखी ने मुख्यमंत्री को बैंकिंग गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। जिला औद्योगिक नवप्रवर्तन योजना के अंतर्गत स्वीकृत कलस्टरों जैसे ग्रीन फूड प्रोसेसिंग यूनिट, हस्तकरघा यूनिट आदि द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का भी अवलोकन किया।

इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पर अच्छा काम हो रहा है। इन लोगों ने बताया है कि इन्हें जो बिजली दी जा रही है उसकी कीमत बहुत

अधिक है। बिजली का रेट ज्यादा है, यह मुझे आज पता चला है, इसको हमलोग देखेंगे। इन लोगों को हमने सौर ऊर्जा का सुझाव दिया है। इससे इन लोगों को काफी फायदा होगा।

कुटीर उद्योग के लिए सब्सिडी की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों को अगर कोई मदद की जरुरत है तो वह दी जायेगी। जिलाधिकारी इनलोगों से बात करेंगे और जो जरूरत होगी वो सुविधा दी जाएगी। यहां पर काफी बढ़िया बर्तन बनाया जाता है। इसके लिए एक कॉमन सर्विस सेंटर बनाया जायेगा। इसको लेकर 9 करोड़ 60 लाख रुपये सैंक्शन कर दिया गया है।

कार्यक्रम के दौरान वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री राकेश राठी, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******